भोले का दीवाना

भोले जी तेरे द्वार का,दीवाना तेरे प्यार का,
रहो मेरे साथ जी,मेरे भोले नाथ जी,

मिलता है सुख यह केवल शिवजी के नाम से,
पावन धरा यह सारी भोले चारों धाम से,
नमन संसार का,शक्ति संचार का,
रहो मेरे साथ जी मेरे भोले नाथ जी,

सर पर जटा है साजे गंगा की धारा है,
गले में है सर्प माला बिच्छू कान बाला है,
गजब श्रंगार का,चंद्र उजियार का,
रहो मेरे साथ जी,मेरे भोले नाथ जी,

अद्भुत स्वरूप तेरा लीला भी न्यारी है,
भक्तों को देने वाले भोले भंडारी हैं,
'सचिन 'ने यह उचारता,तुम्हें ही पुकारता।
रहो मेरे साथ जी,मेरे भोले नाथ जी।।

भोले जी तेरे द्वार का दीवाना तेरे प्यार का
रहो मेरे साथ जी मेरे भोले नाथ जी

लेखक&सिंगर सचिन निगम
Mo.8756825076

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19160/title/bhole-ka-deewana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |